सं. 3105/199/2013-बीसी.III

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

'ए' विंग, शास्त्री भवन,

नई दिल्ली-110001

दिनांक: 29 जुलाई, 2016

सेवा में

सभी टीवी चैनल

विषय: पूर्वोत्तर के लोग जो देश के अन्य हिस्सों में रहते हैं की चिंताओं पर बेजबरुआ समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों का कार्यान्वयन।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि बेजबरुआ समिति की रिपोर्ट में देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों की चिंताओं पर कुछ सिफारिशें दी गई हैं, इनमें से निम्नलिखित सिफारिशें विशेष रूप से प्राइवेट सैटएलाइट टीवी चैनलों से संबंधित हैं:-

i). मीडिया के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र को राष्ट्रीय केंद्र मंच पर लाने के लिए आगे आना महत्वपूर्ण है। मीडिया में उत्तर पूर्व क्षेत्र को प्राइम कवरेज दिया जाना चाहिए।

ii). गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय आयोजनों में, कमेंटेटरों को पूर्वोत्तर को सबसे प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के लिए कार्यक्रम को कवर करना चाहिए।

iii). चूंकि बॉलीवुड लोगों के मन में छवि बनाने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है, इसलिए बॉलीवुड फिल्मों के लिए पूर्वोत्तर के स्थानों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस तरह के प्रोत्साहन से टीवी में लोकप्रिय धारावाहिकों को पूर्वोत्तर की ओर देखने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकता है, यहां तक कि ऐसे धारावाहिकों में पूर्वोत्तर की कहानियों को भी शामिल किया जा सकता है।

iv). मीडिया को नस्ल से संबंधित मामलों को कवर करते समय सावधान रहना चाहिए ताकि ऐसे तनाव को बढ़ने से रोका जा सके जिससे ऐसी घटनाओं में वृद्धि हो। इसके स्थान पर उन्हें तनाव को घटाने का माध्यम होना चाहिए।

2. यह अनुरोध है कि पूर्वोक्त सिफारिशों पर सभी टीवी चैनलों, विशेष रूप से वरिष्ठ संपादकों और शीर्ष प्रबंधन, समाचार प्रसारकों न्यूज ब्रॉडकास्टर एसोसिएशन(एनबीए), इंडियन ब्राडकास्टिंग फाउन्डेशन (आईबीएफ), भारतीय भाई प्रसारण प्रतिष्ठान और भारतीय क्षेत्रीय टेलीविजन प्रसारक

संघ (एआरटीबीआई) द्वारा विचार किया जाए। की गई कार्रवाई के परिणाम के बारे में मंत्रालय को सूचित किया जाए।

3. इसे संयुक्त सचिव (बी-1) का अनुमोदन प्राप्त है।

हस्ताक्षर/-

(सोमवीर सिंह)
अवर सचिव (बीसी.॥)
दूरभाषा# 23386819

प्रेषित प्रतिलिपि:

1. श्री रजत शर्मा, अध्यक्ष, न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए), मैनटेक हाउस, तृतीय तल, सी-56/5, सेक्टर 62, नोएडा-201307
2. श्री उदय शंकर, अध्यक्ष, ब्रॉडकास्ट कंटेंट कंप्लेंट काउंसिल (बीसीसीसी), सी/ओ द इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन, बी-304, तृतीय तल, अंसल प्लाजा, खेलगांव मार्ग, नई दिल्ली-110049
3. श्री राकेश शर्मा, एसोसिएशन ऑफ रीजनल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर्स ऑफ इंडिया (एआरटीबीआई), बी-116, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, नई दिल्ली – 110065
4. पीएमएस को आईडी नंबर पी-11011/5/2013-पीपीसी (पीएमएस) दिनांक 9.10.2014 और पी-11011/2/2013-पीपीसी/पीएमएस (पीटी-1) दिनांक 25.5.2016 के संदर्भ में।